बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या 74/2014 के अन्तर्गत बिहार राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में **शिक्षा** विषय में सहायक प्राचार्य के पदों पर नियुक्ति हेतु शिक्षा विभाग, बिहार के पत्रांक–1786, दिनांक– 16.10.2017 द्वारा प्राप्त मंतव्य के आलोक में आयोग के वेबसाईट पर पूर्व में दिनांक–17.08.2017 को प्रदर्शित अर्हित एवं अनर्हित अभ्यर्थियों की सूची को पुनरीक्षित करते हुए नये सिरे से अर्हित तथा अनर्हित अभ्यर्थियों की नयी सूची आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है।

वैसे अभ्यर्थी जिन्हें अपने अनर्हित होने के कारणों पर यदि कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति अभ्यावेदन साक्ष्य के साथ बिहार लोक सेवा आयोग, 15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001 को स्पीड पोस्ट से अथवा आयोग के e-mail id bpscpat-bih@nic.in पर भेज सकते हैं, जो दिनांक– 05.03.2018 की संध्या 05.00 बजे तक या उसके पूर्व आयोग को प्राप्त हो जाए। दिनांक– 05.03.2018 के बाद प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। साक्षात्कार कार्यक्रम की सूचना बाद में दी जाएगी।

वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने Ph.D/M.Phil with UGC Regulation 2009 का दावा किया है, अथवा आपत्ति अभ्यावेदन के साथ दावा करना चाहते हैं, को मुख्य रूप से निदेश दिया जाता है कि वे अपने–अपने विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार के हस्ताक्षर से निर्गत निम्नांकित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे:–

1. U.G.C 2009 के अन्तर्गत Ph.D/M.Phil का प्रमाण पत्र।
2. Pre Ph.D/Course work का प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र।
3. Ph.D/M.Phil कितने एवं कौन–कौन Criteria से उत्तीर्ण हैं, से संबंधित प्रमाण पत्र। मात्र Criteria की संख्या लिखने से संबंधित प्रमाण पत्र मान्य नहीं किया जायेगा।

यदि उक्त प्रमाणपत्र प्रस्तुत नही किया जाता है तो उनके Ph.D/M.Phil की उपाधि को without UGC Regulation 2009 के अंतर्गत अनुमान्यता पर यथोचित निर्णय लेने हेतु आयोग स्वतंत्र रहेगा।

15.2.18

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना